Email: principalsdmm@rediffmail.com
Ph: 01663-254214
Fax No. 01663-254214

# सनातन धर्म महिला महाविद्यालय

## हांसी (हिसार)

विद्ययाऽमृतश्नुते

कार्यालय प्राचार्या
क्रमांक नं.................

दिनांक 24.07.2019

# प्रैस–नोट

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में दिनांक 24.07.2019 को सामाजिक विज्ञान विभाग एवं कॉमर्स विभाग के द्वारा ''महिलाओं के विरुद्ध अपराध और नशे की समस्या'' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 सुरेश कुमार गुप्ता व नेतृत्व श्रीमती मधु कक्कड़ व डॉ0 गीता दहिया ने किया। इस अवसर पर वक्ता के रूप में हांसी के एस. एच.ओ. पुष्पा सिहाग, हैड कॉन्स्टेबल सुमित और ए. एस.आई श्री बलबीर सिंह ने शिरकत की। वक्ताओं ने व्याख्यान के दौरान महिलाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों में टैक्नोलॉजी के दुरुपयोग पर प्रकाश डाला। इसके अन्तर्गत उन्होंने छात्राओं को अवगत कराया कि Facebook & Whatsapp के द्वारा किस प्रकार हम राह भटक सकते हैं और हमारी निजी जानकारी का किस प्रकार गलत प्रयोग किया जा सकता है। व्याख्यान का दूसरा बिंदु नशे की समस्या पर केन्द्रित रहा। प्रत्येक नागरिक का यह कर्त्तव्य है कि वह नशे की बिक्री को रोकने में पुलिस का सहयोग करे। वर्तमान में नशे की बिक्री में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी चिंता का विषय है। इसके अलावा यातायात के नियमों की छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि 18 साल से अधिक आयु की लड़कियों को वाहन चलाते समय ड्राईविंग लाईसैंस, रजिस्ट्रेशन, पोल्यूशन, वाहन का बीमा और सुरक्षा के लिए हैल्मेट का प्रयोग करना चाहिए। व्याख्यान के अंतिम चरण में छात्राओं को दुर्गाशक्ति एप्प की जानकारी दी गई जिसके माध्यम से वे मुसीबत के समय पर पुलिस को सूचित कर सकती हैं। इसके पश्चात् छात्राओं ने इस एप्प इन्सटॉल भी किया। अंत में प्राचार्य ने सभी का धन्यवाद किया।

24.7.19

principalsdmm@rediffmail.com
Ph: 01663-254214
Fax No. 01663-254214

# सनातन धर्म महिला महाविद्यालय

## हांसी (हिसार)

विद्ययाऽमृतश्नुते

कार्यालय प्राचार्य
क्रमांक नं..................

दिनांक 15.04.2021

## प्रैस–नोट

'आत्म–रक्षा–जीवन सुरक्षा' कार्यक्रम के अन्तगर्त सनातन धर्म महिला महाविद्यालय हांसी में चल रहे सात दिवसीय कैंप का समापन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 सुरेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। सात दिवसीय कैंप के दौरान ब्लैक बैल्ट से सुशोभित कुमारी बरखा राजपूत (रायपुर, छतीसगढ़) द्वारा छात्राओं को आत्म सुरक्षा के गुर सिखाए गए कि किस प्रकार वे किसी भी मुसीबत के समय आसामाजिक तत्वों से बिना किसी की मदद के स्वयं की सुरक्षा कर सकती है। उन्होंने छात्राओं को गुड टच व बैड टच से अवगत कराया व टयूब लाईट द्वारा स्वयं की सुरक्षा की कला भी सिखाई। प्राचार्य महोदय ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें ऐसे कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिंस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया व कैंप में हिस्सा लेने वाली छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका डॉ0 गीता दहिया व डॉ0 सविता मलिक व छात्राऐं उपस्थित रही।

Principal
S.D.Mahila Mahavidyalya
Hansi (Hisar)

Email: principalsdmm@rediffmail.com

Ph: 01663-254214
Fax No. 01663-254214

# सनातन धर्म महिला महाविद्यालय

## हांसी (हिसार)

विद्ययाऽमृतश्नुते

कार्यालय प्राचार्य
क्रमांक नं..................

दिनांक 20.11.2020

## प्रैस–नोट

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में दिनांक 20.11.2020 सामाजिक विज्ञान विभाग की ओर से Lecture का आयोजन किया गया। जिसमें सुश्री श्वेता( जो कि देहरादून से एम. बी.ए. की छात्रा है) के द्वारा Menstrual Hygine Management के बारे में छात्राओं को जागरुक किया गया उन्होंने बताया कि महिलाओं के जीवन में मासिक धर्म उनकी प्रकृति से जुड़ी प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि गांवों में आज भी महिलाएं नैपकिन पैड की जगह पुराने कपड़ों का इस्तेमाल करती है जिससे बीमारी का भय बना रहता है। मासिक धर्म को लेकर समाज में फैली भ्रांतियो को दूर करना होगा और उन पांच दिनों में पीरियडस् के दौरान स्वच्छता बनाये रखने से होने वाले संक्रमण से खुद को बचाने हेतु सावधानियों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर डॉ0 गीता दहिया, श्रीमती शीलू कुमारी, श्रीमती रजनी गुप्ता आदि टीचिंग स्टाफ मौजूद रहे।

Geeta

Email: principalsdmm@rediffmail.com
Ph: 01663-254214
Fax No. 01663-254214

# सनातन धर्म महिला महाविद्यालय
## हांसी (हिसार)

विद्ययाऽमृतश्नुते

कार्यालय प्राचार्य
क्रमांक नं.................

दिनांक 26.11.2020

## प्रैस–नोट

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय हांसी दिनांक 26.11.2020 को प्राचार्य डॉ0 सुरेश कुमार गुप्ता की अध्क्षता में संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। प्राचार्य ने भारतीय संविधान के प्रति छात्राओं को जागरुक करते हुए बताया कि भारत का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारुप समिति के अध्यक्ष डॉ0 भीमराव अंबडेकर के 125वें जयन्ति वर्ष के रुप में 26 नवम्बर 2015 से संविधान दिवस मनाया गया। मंच का संचालन डॉ0 गीता दहिया ने किया। इन्होंने छात्राओं को संविधान की आवश्यकता से अवगत कराते हुए कहा कि संविधान उन आदर्शों को सूत्रबद्ध करता है जिससे हम अपने देश को अपनी इच्छा और सपनों के अनुसार बना सकें व नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा संविधान ही करता है। संविधान की प्रस्तावना का वाचन राजनीतिक विभाग की प्राध्यापिका ज्योति बिसला के साथ–साथ छात्राओं द्वारा किया गया। प्रस्तावना यह घोषणा करती है कि संविधान अपनी शक्ति सीधे जनता से प्राप्त करता है इसी कारण यहं 'हम भारत के लोग' वाक्य से प्रारंभ होती है। उन्होंने छात्राओं को भारतीय संविधान की जानकारी देते हुए संवैधानिक मूल्य, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्त्तव्य व राज्य नीति के निर्देशक सिद्धान्त पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान संविधान के प्रति रुचि बनाने के लिए प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढचढ कर भाग लिया। इस अवसर पर श्रीमती शीलू कुमारी, श्रीमती रजनी, श्रीमती अन्नू, श्रीमती अनिल कुमारी व अन्य प्राध्यापिकाएं मौजूद रही।

26/11/20

SANATAN DHARAM MAHILA MAHAVIDYALYA
HANSI-125033, HISSAR (HARYANA)
Affiliated to Guru Jambheshwar University of Science & Technology, Hissar.

प्रैस नोट

दिनांक 25.01.2021

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय हांसी के सभागार में आचार्य महामण्डलेश्वर त्यागमूति अनन्त श्री विभूषित स्वामी गणेशानन्द जी की पुण्यतिथि व 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के उपलक्ष्य में सामाजिक विज्ञान विभाग, शारीरिक विभाग व लाईब्रेरी विभाग के नेतृत्व में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 सुरेश कुमार गुप्ता के द्वारा की गई व कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य व सभी प्राध्यापिकाओं द्वारा स्वामी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करके की। प्राचार्य ने महाविद्यालय के संस्थापक स्वामी गणेशानन्द जी के पावन जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1970 में स्वामी जी के अथक प्रयासों से इस महाविद्यालय की नींव रखी थी। स्वामी जी का सम्पूर्ण जीवन महिला सशक्तिकरण व उत्थान को समर्पित रहा है। वहीं महाविद्यालय में आज 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' के अवसर पर राजनीति शास्त्र की प्राध्यापिका श्रीमती ज्योति बिसला ने मतदान के अधिकार के बारे में बताते हुए कहा कि 18 साल के सभी छात्राओं को अपना वोटर कार्ड अवश्य बनवाना चाहिए जिससे वे अपने अधिकारों के लिए उसका उचित प्रयोग कर सकें। उन्हानें बताया कि विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतन्त्र में मतदान के कम होते रूझान को देखते हुए वर्ष 2011 से ही भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। डॉ0 साक्षी मित्तल ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2021 की थीम अनुसार मतदाताओं को सचेत, सशक्त, सुरक्षित व जागरूक बनाना की शपथ दिलवाई कि :–

हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे'। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय, डॉ0 गीता दहिया, श्रीमती लू कुमारी, डॉ0 सविता मलिक एवं सभी प्राध्यापिकाऐं व छात्राऐं मौजूद रहें।

25.1.21

/Kaptan/hindi letter

ANATAN DHARAM MAHILA MAHAVIDYALYA
HANSI-125033, HISSAR (HARYANA)
sdmmhansi.com
sdmm@rediffmail.com
Ph. 01663-264214, Mob.no. 8684805192
Affiliated to Guru Jambheshwar University of Science & Technology, Hissar.

प्रैस नोट दिनांक 17.02.2021

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय हांसी में दिनांक 17.2.2021 को सामाजिक विज्ञान विभाग (अर्थशास्त्र विभाग, इतिहास विभाग व राजनीति शास्त्र विभाग) की ओर से **'RTI ACT'** विषय पर **Quiz Competition** करवाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ0 सुरेश कुमार गुप्ता जी की अध्यक्षता में व डॉ0 गीता दहिया के निर्देशन में किया गया। मंच का संचालन श्रीमती रजनी गुप्ता के द्वारा किया गया। इस दौरान प्राचार्य महोदय द्वारा छात्राओं को **RTI ACT** के बारे में जागरूक किया गया। उन्होनें कहा कि **RTI ACT** के तहत भारतीय संसद ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और सरकारी प्रक्रिया में पारदर्शता लाने के लिए साल 2005 में **RTI** कानून बनाया था। इस कानून के तहत भारत का कोई भी नागरिक सरकार के किसी भी विभाग की जानकारी हासिल कर सकता है। उन्होनें बताया कि संसद में सूचना का अधिकार (संशोधन) 2019 में पारित किया। इस विधेयक के जरिये सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 में संशोधन किये गये है। **Quiz Competition** में छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

**Team A** प्रथम स्थान (प्रोमिला बी.ए. द्वितीय वर्ष, रोशनी बी.ए. तृतीय वर्ष)

**Team D** द्वितीय स्थान (मानवी बी.ए. द्वितीय वर्ष, मेघा एम.कॉम द्वितीय वर्ष)

**Team C** तृतीय स्थान (सिमरन बी.ए. द्वितीय वर्ष, प्रियंका बी.ए. प्रथम वर्ष) पर रही

इस अवसर पर प्राध्यापिका श्रीमती शीलू कुमारी, श्रीमती ज्योति, श्रीमती अनु व छात्राऐं मौजूद रहीं।

17/2/2021

E/Kaptan/hindi letter

SANATAN DHARAM MAHILA MAHAVIDYALYA
HANSI-125033, HISSAR (HARYANA)
Ph. 01663-254214, Mob no. 8684805192
Affiliated to Guru Jambheshwar University of Science & Technology, Hissar.

Ref no. 7232

Date 15-03-2021

# Result of National Level Online Essay Writing Competition
## Under the aegis of
## Department of English

## Topic : Humanity in the Times of Pandemic

| Position | Name of Participant | Name of College/University | Class |
|---|---|---|---|
| $1^{st}$ | Sartaj Singh | Panjab University, Chandigarh | M.A. (Pol. Science) Ist Sem. |
| $2^{nd}$ | Aastha | M.N.S. Govt. College, Bhiwani | B.A. Ist Year |
| $3^{rd}$ | Kashish | IB (PG) College, Panipat | B.A. (Hons.) IInd Year |
| $3^{rd}$ | Nupur | S.D. Mahila Mahavidyalya, Hansi | B.Com IInd Year |

**Note : The concerned principals of winning participants are requested to send their college bank A/c No. so that prize may be deposited to the account.**

Sakshi

**Convenor :**
**Dr. Sakshi Jain**
**Asstt. Prof. in English**

**Patron & Principal :**
**Dr. Suresh Kumar Gupta**

PRINCIPAL
S.D. MAHILA MAHAVIDYALYA
HANSI (HISAR)

Women Cell 2020-21

SANATAN DHARAM MAHILA MAHAVIDYALYA
www.sdmmhansi.com
principalsdmm@rediffmail.com
HANSI-125033, HISSAR (HARYANA)
Ph: 01663-254214, Mob no: 8684805192
Affiliated to Guru Jambheshwar University of Science & Technology, Hissar.
1970 - 2020
GOLDEN JUBILEE YEAR

प्रेस नोट

दिनांक 05.04.2021

आज दिनांक 05.04.2021 को आत्म सुरक्षा–जीवन रक्षा विषय पर 7 दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए सनातन धर्म महिला महाविद्यालय हांसी के प्राचार्य डॉ0 सुरेश कुमार गुप्ता ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि डर कर बैठने की बजाय आज का समय निडर होकर आगे बढ़ने का है। महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ व अपराधों को रोकने के लिए न सिर्फ सरकार के प्रयास व कानून ही पर्याप्त है बल्कि स्वयं लड़कियों व महिलाओं को भी स्वयं को सशक्त व सक्षम बनाना होगा। इसके लिए उन्हें आत्म रक्षा के गुर सीखने होंगे। इस कार्यशाला का प्रतिदिन समय प्रातः 10 बजे महाविद्यालय प्रांगण में रहेगा। इसी कार्य हेतु महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग, वूमैन सैल, अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा 7 दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें रायपुर छत्तीसगढ़ से पधारी सुश्री बरखा राजपूत जो कि कराटे में ब्लैक बैल्ट होल्डर ही नहीं बल्कि समाज सेविका भी है और माननीय राष्ट्रपति से सम्मानित है, के द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। इस अवसर पर श्रीमती मधु कक्कड़ डॉ. गीता दहिया, डॉ. सविता मलिक, श्रीमती शीलू कुमारी व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

5/4/21

2020-21 Women Cell

Email: principalsdmm@rediffmail.com
Ph: 01663-254214
Fax No. 01663-254214

# सनातन धर्म महिला महाविद्यालय

## हांसी (हिसार)

विद्ययाऽमृतश्नुते

कार्यालय प्राचार्या
क्रमांक नं..................

दिनांक 08.03.2021

## प्रैस–नोट

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के सभागार में दिनांक 08.03.2021 को प्राचार्य डॉ0 सुरेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता व महिला प्रकोष्ठ विभाग की डॉ0 सविता मलिक के नेतृत्व में "अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस" 2021 की Theme (Women in Leadership: an equal future ) अनुसार "लैंगिक समानता" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार की प्रचार्या डॉ0 आशा साहरण ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। मंच संचालन व अतिथि सत्कार प्राध्यापिका श्रीमती साक्षी मितल के द्वारा किया गयां। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ0 आशा साहरण ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लैंगिक समानता का सीधा सा अर्थ समाज में महिला तथा पुरुष के समान अधिकार, दायित्व तथा समान रोजगार के अवसरों को उपलब्ध कराकर महिलाओं को अपने अन्दर ऐसी प्रतिभा को विकसित करना चाहिए कि वो स्वयं रोजगार के अवसर प्रदान कर सके। महाविद्यालय एम कॉम की छात्रा मेघा ने भाषण, बी. कॉम की छात्रा नुपूर ने स्पीच, बी. ए तृतीय बर्ष की छात्रा रोशनी ने कविता व अन्य छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति दी। इस अवसर पर श्रेष्ठ सितार वादिका वर्षा व श्रेष्ट गायिका मानसी को पुरस्कृत किया गया। वहीं आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हिन्दी विभाग के सौजन्य से डॉ0 सुमन भाम्भू व श्रीमती अनिल बामल के नेतृत्व में 'हिन्दी साहित्य' में स्त्री विमर्श दृष्टि व योगदान विषय पर ऑनलाइन 'राष्ट्रीय निबन्ध' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से लगभग 60 से अधिक विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें साक्षी, मिरांडा हाऊस, दिल्ली यूनिवर्सिटी, महेन्द्र प्रताप चण्डीगढ़ यूनिवर्सिटी, शक्ति सिंह हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, रवि दलाल मर्हिर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी अभिषेक बेनिवाल बीकानेर आदि अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। आज महाविद्यालय में लाईब्रेरी विभाग व अंग्रजी विभागाध्यक्ष सुश्री ममता सैनी के नेतृत्व में एम. ए. इंग्लिश की छात्राओं के लिए Power Point Presentation Competition का आयोजन किया गया। इसमें निर्णायक मण्डल की भूमिका श्रीमती चारु गुप्ता व श्रीमती श्वेता मदान ने निभाई। इस प्रतियोगिता में पूजा यादव प्रथम व शालू द्वितीय स्थान पर रही। वहीं महाविद्यालय में एन.एस.एस. की पी.ओ. सुश्री गरिमा भाटिया व सुश्री गुंजन के नेतृत्व में सात दिवसीय एन.एस.एस. कैंप का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता चन्द्र सिंह, प्रवक्ता प्राथमिक सहायता/गृह परिचर्या, रैडकॉस हिसार ने छात्राओं को प्राथमिक सहायता व गृह परिचर्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पागल कुते के काटने, सांप व बिच्छु के काटने, चोट लगने, डूब जाने व जहर खाने या पीने पर प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सभी प्राध्यापिकाएं व छात्राऐं मौजूद रही। पुस्तकालय विभाग व फिजिकल एजुकेशन विभाग की ओर से पुस्तक प्रदर्शनी लगायी गई

Women cell 2020-21

Email: principalsdmm@rediffmail.com

Ph: 01663-254214
Fax No. 01663-254214

# सनातन धर्म महिला महाविद्यालय

## हांसी (हिसार)

विद्ययाऽमृतश्नुते

कार्यालय प्राचार्या
क्रमांक नं.................

दिनांक 19.03.2021

# प्रैस–नोट

आज दिनांक 19.03.2021 को सनातन धर्म महिला महाविद्यालय हांसी में भारतीय अर्थव्यवस्था की छुपी हुई नायिकाओं को जागरुक एवं सशक्त करने हेतु 'मिशन चहक तुम से हम है' का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण जिला रैड क्रॅास सोसायटी, हिसार के सौजन्य से सभागार में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान एवं प्राचार्य डॉ0 सुरेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उदेश्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी हेतु मिशन चहक के माध्यम से सभी महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से संघटित महिलाओं के पूर्ण अधिकारों की जानकारी हेतु डॉ0, प्रियंका सोनी आई.ए.एस. उपायुक्त हिसार के द्वारा चलाया गया मिशन चहक कार्यक्रम तुम से हम हैं। इस आयोजन में महाविद्यालय की एन. एस. एस. की स्वयं सेविकाओं का इसमें विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में श्री चन्द्रशेखर आई.ए.एस. डिवीजनल हिसार ने मुख्यातिथि के रुप में शिरक्त की। मुख्यातिथि का स्वागत प्राचार्य डॉ0 सुरेश कुमार गुप्ता तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 जितेन्द्र अहलावत एस.डी.एम. हांसी द्वारा किया गया। इस मौके पर सनातन धर्म महिला महाविद्यालय हांसी प्रधान ईजि. श्री वासु देव गोयल, डॉ0 रतना भरती सी.एम.ओ. हिसार, डॉ0 राहुल बुद्धि राजा एस.एम.ओ. सामान्य हस्पताल हांसी, रविन्द्र लौहान, सचिव जिला रैड क्रॅास सोसायटी हिसार, श्री चन्द्र सिंह सचिव, हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड हिसार, श्रीमती मधु कक्कड़, डॉ0 गीता दहिया, डॉ0 सविता मलिक, श्रीमती शीलू कुमारी तथा श्रीमती राजबाला शर्मा व अन्य महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

19/3/21